दिनांक 6 सितंबर 2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

स्वच्छ स्थल देखकर व्यवसाय के उद्देश्य से दो लोगों ने पेवर ब्लॉक के ऊपर अवैध रूप से लगाई गुमटी, भिलाई निगम ने किया बेदखल

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 30 खुर्सीपार क्षेत्र के बालाजी नगर में बीएसपी कन्या स्कूल के समीप स्थल को स्वच्छ रखने और लोगों के बेहतरीन आवागमन , बच्चों के साइकिल एवं वाहन की पार्किंग , लोगों के टहलने एवं अन्य कार्यों के लिए सड़क किनारे पेवर ब्लॉक लगाया गया है! जैसे ही पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य पूर्ण हुआ है , व्यवसाय करने के उद्देश्य से अवैध गुमटी वाले सक्रिय हो गए हैं! स्थल को स्वच्छ देखकर गुमटी लगा रहे थे! इसकी शिकायत सहायक अभियंता विद्युत मंडल छावनी के श्री कुमार ने निगम से की! शिकायतकर्ता ने बताया कि कुछ अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा स्कूल के समीप गुमटी लगाकर अवैध कब्जा किया जा रहा है! शिकायत को गंभीरता से लेते हुए निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने कार्यवाही करने के निर्देश दिए! इसके परिपालन में विशेष दस्ता की टीम, तोड़फोड़ दस्ता की टीम, कार्यपालिक मजिस्ट्रेट योगेंद्र वर्मा के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ कार्रवाई करने पहुंची और दो स्थलों से गुमटी को हटवाया! इस कार्रवाई के दौरान शिकायतकर्ता श्री कुमार स्वयं उपस्थित थे! विशेष दस्ता के उप अभियंता सिद्धार्थ साहू एवं सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू मौके पर मौजूद रहे!

जनसंपर्क अधिकारी